| क्र0 सं0 | समस्या | समाधान |
|---|---|---|
| 1 | लॉगइन ऑथेंटिकेशन फेल्ड प्लीज ट्राई अगेन का मैसेज प्रदर्शित हो रहा है। | यू डाइस पोर्टल पर स्कूल के नाम की स्पेलिंग तथा प्रेरणा पोर्टल पर स्कूल के नाम की स्पेलिंग एवं संबंधित विद्यालय का यू डाइस कोड प्रेषित करें। |
| 2 | ऐसे अध्यापक जिनके पास एक से अधिक विद्यालयों का चार्ज है वह कैसे लॉगिन करेंगे जबकि विद्यालय एकल भी है। | Upmdm-in के माध्यम से विकासखंड स्तरीय लॉगिन से एक ही कार्मिक को एक से अधिक विद्यालयों का प्रभार सौंपे जाने का प्रावधान है। विकासखंड स्तर से कार्यवाही करायें। |
| 3 | ऐप ओपन करते ही वह बैक हो जा रहा है। | ऐप पर दाहिनी और सबसे ऊपर बने 3 डॉट्स पर क्लिक करें। क्लियर प्रोफाइल ऑप्शन पर क्लिक करके दोबारा लॉगिन करें। नेटवर्क एरिया में जाकर। |
| 4 | लॉगिन हो जाने पर विद्यालय का नाम शिक्षक का नाम मोबाइल नंबर आदि के विवरण में N/A प्रदर्शित हो रहा है। | मोबाइल की सेटिंग में जाकर एप मैनेजर में जाएंगे। वहां पर Prerna dbt ऐप को select करेंगे तथा उसमें clear data के option पर click करेंगे। इसके बाद पुनः लॉगिन करेंगे। |
| 5 | Login करने के पश्चात स्कूल डैश बोर्ड में कोई डाटा प्रदर्शित नहीं हो रहा है। | ऐप पर दाहिनी और सबसे ऊपर बने 3 डॉट्स पर क्लिक करें। क्लियर प्रोफाइल ऑप्शन पर क्लिक करके दोबारा लॉगिन करें। नेटवर्क एरिया में जाकर। |
| 6 | App अपडेट करने के बाद छात्र संख्या differ हो जा रही है। | ऐप पर दाहिनी और सबसे ऊपर बने 3 डॉट्स पर क्लिक करें। क्लियर प्रोफाइल ऑप्शन पर क्लिक करके दोबारा लॉगिन करें। नेटवर्क एरिया में जाकर।<br><br>कार्य करते रहें सिंक होने पर डाटा प्रदर्शित होगा। प्रत्येक घंटे पर डाटा सिंक करते रहें।<br><br>छात्र संख्या कम या अधिक प्रदर्शित होने की स्थिति में ऊपर दाहिनी ओर बने 3 डॉट्स को क्लिक करेंगे। उसमें अपडेट स्टूडेंट पर क्लिक करें सही छात्र संख्या प्रदर्शित होने लगेगी। |
| 7 | App अपडेट करने के बाद शिक्षक संख्या differ हो जा रही है। | ऐप पर दाहिनी और सबसे ऊपर बने 3 डॉट्स पर क्लिक करें। क्लियर प्रोफाइल ऑप्शन पर क्लिक करके दोबारा लॉगिन करें। नेटवर्क एरिया में जाकर।<br><br>शिक्षकों का विवरण अपडेट करने के बाद यदि कक्षा आवंटन में कोई शिक्षक प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं अथवा अतिरिक्त प्रदर्शित हो रहे हैं , तो दाहिनी ओर सबसे ऊपर बने 3 डॉट्स पर क्लिक करें तथा अपडेट टीचर पर क्लिक करें। सही शिक्षकों का विवरण प्रदर्शित होने लगेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | ऐड टीचर का विकल्प काम नहीं कर रहा है। | विद्यालय के प्रथम लॉगिनकर्ता शिक्षक के प्रथम लॉगिन पर ही शिक्षक ऐड अथवा रिमूव का ऑप्शन सक्रिय रहता है। पुनः लॉगिन करने पर अथवा किसी अन्य शिक्षक के लॉग इन करने पर एड टीचर संभव नहीं हो सकेगा।<br><br>विकासखंड स्तरीय खंड शिक्षा अधिकारी लॉगिन से upmdm-in पर भी शिक्षकों के नाम जोड़ें अथवा हटाए जा सकते हैं।<br><br>उपरोक्त के अतिरिक्त Toll free number 1800 1800 666 पर कॉल करके भी शिक्षक जोड़े जा सकते हैं। जोड़े गए शिक्षक राज्य स्तर से वैरीफाई होने के`उपरांत ही ऐप पर कार्य कर सकेंगे। वैरीफाई होने में 24 घंटे से अधिक समय लग सकता है। |
| 9 | कुछ शिक्षकों के ईएचआरएमएस कोड में 0 अंकित है अथवा ईएचआरएमएस कोड फीड नहीं हो पा रहे हैं। | यदि मानव संपदा कोड 0 प्रदर्शित हो रहा है तो इसे इग्नोर करके आगे बढ़ सकते हैं। प्रक्रिया पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।<br><br>यदि अध्यापक का नाम तथा मोबाइल नंबर सही है तो आगे की प्रक्रिया कर ली जाए।<br><br>शिक्षक के नाम तथा पद नाम में परिवर्तन Upmdm-in से विकासखंड स्तर से किया जा सकेगा |
| 10 | अध्यापक/शिक्षा मित्र का नाम त्रुटिपूर्ण प्रदर्शित हो रहा है | खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर Upmdm-in से संशोधित करा लें तत्पश्चात वेरीफिकेशन की कार्यवाही करें। |
| 11 | प्रेरणा पोर्टल पर सभी छात्रों का पंजीकरण हो गया है लेकिन डीबीटी पोर्टल पर शो नहीं कर रहा है। | दाहिनी और सबसे ऊपर दिए गए 3 डॉट्स को क्लिक करें। वहां पर अपडेट स्टूडेंट का विकल्प मिलेगा, उस पर क्लिक करें। सही छात्र संख्या प्रदर्शित होने लगेगी। |
| 12 | विद्यालय में प्रेरणा पोर्टल पर प्रदर्शित कुल छात्रों की तुलना में डीबीटी पोर्टल पर कम छात्र प्रदर्शित हो रहे हैं। | यदि डीबीटी ऐप में छात्रों की संख्या कम प्रदर्शित हो रही है तो ऐप में ऊपर दाहिनी ओर बने 3 डॉट्स को क्लिक करेंगे। उसमें अपडेट स्टूडेंट पर क्लिक करें। सही छात्र संख्या प्रदर्शित होने लगेगी।<br><br>अब जितने छात्र प्रदर्शित हो रहे हैं उनके विवरण को वेरीफाई करने की कार्यवाही पूर्ण करें। शेष बच्चों के संबंध में वेरिफिकेशन की कार्यवाही बाद में की जाएगी। |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | विद्यालय में प्रेरणा पोर्टल पर प्रदर्शित कुल छात्रों की तुलना में डीबीटी पोर्टल पर अधिक छात्र प्रदर्शित हो रहे हैं। | अतिरिक्त प्रदर्शित हो रहे छात्रों को ड्रॉपआउट कर दीजिए<br>अथवा<br>ऐसे छात्रों को खंड शिक्षा अधिकारी की प्रेरणा पोर्टल लॉगइन से डिलीट कराने की कार्रवाई करें। |
| 14 | छात्र के माता–पिता का नाम के स्थान पर N/A लिखकर आ रहा है। | इसको इग्नोर करते हुए आगे की कार्रवाई करें। ऐप में आगे विकल्प मिलेगा जहां पर इस विवरण को आप सही अंकित कर सकेंगे। |
| 15 | प्रेरणा पोर्टल पर नए नामांकन दर्ज करने पर छात्र की कक्षा में प्रवेश तिथि में 2016 के बाद के वर्ष प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। | प्रेरणा यूपी डॉट इन के **पोर्टल** पर हिस्ट्री क्लियर करके दोबारा लॉगिन करें।<br>Clear history के लिए control H दबाएं। क्लियर हिस्ट्री का पेज ओपन हो जाएगा। |
| 16 | वेरीफाइ एवं ड्रॉपआउट रिकॉर्ड ऑप्शन पर क्लिक करने पर डाटा नॉट फाउंड आ रहा है | ऐप ओपेनिंग के बाद जब तक प्लीज वेट का मैसेज न हटे, तब तक ऐप में कुछ न करें क्योंकि डाटा सर्वर से ट्रांसफर हो रहा है। |
| 17 | मोबाइल पर वेरीफाई या ड्रॉपआउट का पेज नहीं खुलता है, सीधे क्लास सेलेक्ट का ऑप्शन आता है।<br><br>मैंने क्लास सेलेक्ट कर ली है छात्रों की लिस्ट भी आ रही है और मुझे दो छात्र हटाने हैं तो क्या बाद में हटाने का कोई ऑप्शन आएगा। | सीधे क्लास सेलेक्ट का ऑप्शन आने का तात्पर्य है कि आपके विद्यालय के किसी अन्य शिक्षक के द्वारा पूर्व की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है।<br><br>यदि किन्हीं छात्रों को हटाया जाना है तो आधार तथा बैंक का विवरण केवल सही छात्रों के संबंध में ही अंकित करें। प्रेरणा पोर्टल में जहां से छात्रों के संबंध में रजिस्ट्रेशन करते हैं वहीं डिलीट का ऑप्शन है, अतिरिक्त छात्रों जिनको हटाए जाने की आवश्यकता है, को डिलीट कर सकते हैं।<br><br>खंड शिक्षा अधिकारी की प्रेरणा पोर्टल लॉगइन से उन छात्रों को डिलीट करवा सकते हैं। |
| 18 | ऐप में छात्रों का पता दूसरे जिले का होने पर उसके जिले को सेलेक्ट करने पर उस जिले के ब्लॉक के स्थान पर आपके जिले के ही ब्लॉक प्रदर्शित हो रहे हैं। | ऐसी स्थिति में सबसे पहले रूरल या अर्बन को सेलेक्ट करें। तत्पश्चात जनपद को सेलेक्ट करें तत्पश्चात संबंधित जनपद के ब्लॉक प्रदर्शित होने लगेंगे और उनमें से सेलेक्ट किया जा सकेगा। |
| 19 | जिन छात्रों का पिछले सत्र में पंजीकरण किया गया था उनमें स्वतः जन्म तिथि तथा सरनेम गलत आ रहा है जबकि पिछले सत्र में बिल्कुल सही फीडिंग की गई थी। | डीबीटी ऐप में अभिभावक के आधार संबंधी फीडिंग करते समय छात्र के विवरण में परिवर्तन संबंधी विकल्प उपलब्ध है । विकल्प का प्रयोग करते हुए विवरण को सही करें। |

| | | |
|---|---|---|
| 20 | सही आधार संख्या भरने के बाद भी यदि बार–बार गलत बताया तब क्या करना होगा ? | आधार विवरण भरने हेतु आपको 6 प्रयास अनुमन्य हैं। सावधानी से अक्षरशः स्पेलिंग तथा स्पेस को ध्यान देते हुए विवरण अंकित करें।<br><br>यदि फिर भी नहीं हो पर रहा है तो अभिभावक को आधार कार्ड अपडेट कराने हेतु सूचित करें व तत्पश्चात प्राप्त छायाप्रति के अनुसार विवरण अंकित करें। |
| 21 | वेरीफिकेशन से पहले छात्र के संबंध में मेल/फीमेल सही प्रदर्शित हो रहा था परंतु वेरिफिकेशन के पश्चात मेल का फीमेल तथा फीमेल का मेल हो जाता है। | समस्या संज्ञान में है। डाटा स्टोरेज में कोई समस्या नहीं है। केवल डिस्प्ले में समस्या है। विकासखंड स्तरीय लॉगिन में सही डाटा प्रदर्शित होता है। |